**Regarding condition of road**

**डॉ. विनोद कुमार बिंद (भदोही) :** महोदया, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।मेरे संसदीय क्षेत्र में बरौत हाइवे से बिठौली?बसवापुर चौराहे से होते हुए भटेवरा सुरियांवा?कलिजरा मार्ग की लंबाई 30 किलोमीटर की है । उस रोड की स्थिति अत्यंत दयनीय होने के साथ-साथ रोड की चौड़ाई भी कम है, जिससे आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती हैं और लोगों को वहाँ जाम का सामना करना पड़ता है । बच्चों को विद्यालय जाने में बहुत दिक्कत होती है और इमरजेंसी होने पर लोगों को अस्पताल जाने में बहुत दिक्कत होती है ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहूँगा कि बिठौली-बसवापुर चौराहा होते हुए भटेवरा सुरियांवा-कलिजरा मार्ग का चौड़ीकरण कराया जाए और उसके साथ-साथ रोड की मरम्मत भी कराई जाए । धन्यवाद ।